भा.वा.अ.शि.प. - वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट, असम में "कंठस्थ 2.0" विषय पर दिनांक 06 से 11 जून, 2024 तक चार दिवसीय हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान में ट्रांसलेशन मेमोरी तथा न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन पर आधारित मशीन साधित अनुवाद प्रणाली/टूल/सॉफ्टवेयर **"कंठस्थ 2.0"** विषय पर दिनांक 06 से 11 जून, 2024 तक चार दिवसीय हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन संस्थान निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी के मार्गदर्शन और निर्देशन में किया गया। यह कार्यशाला संस्थान में तृतीय बार आयोजित की गई। कार्यशाला के समापन सत्र (11.06.2024) में निदेशक महोदय ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि **कंठस्थ 2.0 सॉफ्टवेयर हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद के लिए भारत सरकार द्वारा निर्मित एक स्वदेशी एवं उत्कृष्ट सॉफ्टवेयर/टूल है। उन्होंने स्वयं के द्वारा इस कंठस्थ 2.0 सॉफ्टवेयर का उपयोग करने की भी बात कही। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को गूगल ट्रांसलेट की बजाय भारत सरकार द्वारा निर्मित कंठस्थ 2.0 साफ्टवेयर का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। इससे स्वदेशी प्रणाली का डेटा-बेस बढ़ेगा ताकि भविष्य में हमें इस सॉफ्टवेयर से अधिकतम लाभ मिल सकें।** उन्होंने हिन्दी भाषा प्रशिक्षण (प्रबोध/प्रवीण/प्राज्ञ/पारंगत पाठ्यक्रम) प्राप्त एवं उत्तीर्ण करने के लिए कुल 10 अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी। सभी उत्तीर्ण कार्मिकों को प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्थान के डॉ. विश्वनाथ शर्मा, वैज्ञानिक-सी एवं हिन्दी नोडल अधिकारी, हिन्दी प्रकोष्ठ ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कंठस्थ 2.0 संस्करण का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञ के रूप में संस्थान के श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने सभी कर्मचारियों को मशीनी अनुवाद की परिभाषा व प्रकार, कंठस्थ 2.0 सॉफ्टवेयर तथा इसके मोबाइल एप का परिचय, पंजीकरण, प्रमुख विशेषताएं एवं कार्यप्रणाली आदि से संबंधित सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों प्रकार की जानकारियाँ दी। कार्यशाला में कुल 52 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ...

डॉ. नितिन कुलकर्णी, निदेशक, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी के कर-कमलों द्वारा प्रमाणपत्र ग्रहण करते हुए हिन्दी भाषा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के उत्तीर्ण कर्मचारीगण

संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी के कर-कमलों द्‌वारा प्रमाणपत्र ग्रहण करते हुए हिन्दी भाषा प्रशिक्षण पाठ्‌यक्रम के उत्तीर्ण कर्मचारीगण

श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट, असम कंठस्थ 2.0 विषय पर व्याख्यान देते हुए

****